COVID Intensive Learning Support Program (CILSP)

Information for parents and carers

COVID (कोविड) गहन शिक्षण सहायता कार्यक्रम

माता-पिता और देखभाल करने वालों के लिए सूचना

COVID गहन शिक्षण सहायता कार्यक्रम के बारे में

COVID गहन शिक्षण सहायता कार्यक्रम (COVID Intensive Learning Support Program (CILSP)) उन छात्र/छात्राओं को छोटे समूह में ट्यूशन प्रदान करता है, जिन्हें NSW के प्राथमिक, माध्यमिक और विशेषज्ञ स्कूलों में इसकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है।

कार्यक्रम NSW शिक्षा विभाग, कैथोलिक स्कूल NSW और NSW के स्वतंत्र स्कूलों के संघ के बीच एक संयुक्त प्रयास है।

यह कार्यक्रम उन छात्रों की मदद करने के लिए शुरू किया गया था जिनकी शिक्षा मुख्य रूप से COVID-19 महामारी के कारण घर से शिक्षा-प्राप्ति की लम्बी अवधि से प्रभावित हुई थी। कार्यक्रम पढ़ने लिखने तथा गणना (साक्षरता और अंक-ज्ञान) पर केंद्रित है।

प्रत्येक स्कूल अपने छात्रों की जरूरतों के आधार पर अपना कार्यक्रम विकसित करता है और विशेष रूप से प्रशिक्षित शिक्षक/शिक्षिका और अन्य शिक्षकों जैसे कि विश्वविद्यालय और प्रीस्कूल के शिक्षक/शिक्षिका को काम पर रखने (नियोजित करने) वाले कार्यक्रम का प्रबंध करता है। ये छोटे समूह में पाठ स्कूल आरम्भ होने से पहले या ख़त्म होने के बाद में या स्कूल के घंटों के दौरान आयोजित किए जा सकते हैं।

प्रोग्राम कैसे काम करता है

COVID गहन शिक्षण सहायता कार्यक्रम के माध्यम से, स्कूलों को अतिरिक्त शिक्षकों/शिक्षिकाओं को नियुक्त करने के लिए धन उपलब्ध कराया जाता है जो छात्र/छात्राओं के लिए छोटे समूह में ट्यूशन देते हैं।

स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ मिलकर और विभिन्न प्रकार के निर्धारणों का उपयोग करते हुए, कक्षा शिक्षक/ शिक्षिका यह निर्धारित करता/ करती है कि छोटे समूह के शिक्षण से किन बच्चों को लाभ होगा।

कार्यक्रम में प्रत्येक बच्चे के शामिल होने पर उनके माता-पिता या देखभाल करने वालों के साथ चर्चा की जाती है और एक शिक्षण योजना विकसित की जाती है। बच्चे की प्रगति की नियमित रूप से जाँच की जाती है और माता-पिता और देखभाल करने वालों के साथ संपर्क बनाए रखा जाता है।

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

- NSW के प्रत्येक सरकारी स्कूल के छात्र/छात्राओं को कार्यक्रम द्वारा सहायता प्रदान की गई है। 2021 में कुल 265,000 छात्र/छात्राओं की सहायता की गई थी।
- छोटे समूह की ट्यूशन अतिरिक्त शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा प्रदान की जाती है - जिसमें अनियत और अस्थायी शिक्षक/शिक्षिका, सेवानिवृत्त शिक्षक/शिक्षिका और छात्र शिक्षक/शिक्षिका शामिल हैं। अतिरिक्त शिक्षक/शिक्षिका यह सुनिश्चित करने के लिए कक्षा की शिक्षक/शिक्षिका के साथ मिलकर काम करते/ करती हैं कि ट्यूशन छात्र/छात्राओं की जरूरतों के लिए लक्षित की जाती है।
- ट्यूशन पढ़ने लिखने तथा गणना पर केंद्रित है।
- विशेषज्ञ शिक्षक/शिक्षिकाओं और प्रशासकों की एक टीम कार्यक्रम को लागू करने में स्कूलों का समर्थन और मार्गदर्शन करती है
- छोटे समूह के शिक्षण में 2-5 छात्रों के समूहों के लिए अतिरिक्त शिक्षण और सीखने की सहायता शामिल है। कक्षा में जो सिखाया गया है उसको सुदृढ़ करने के इरादे से छात्र/छात्राओं को पूर्व निर्धारित समय तक के लिए लगातार पढ़ाया जाता है।

COVID गहन शिक्षण सहायता कार्यक्रम और आपका बच्चा/बच्ची

यदि शिक्षक/शिक्षिका को लगता है कि कार्यक्रम से आपके बच्चे/बच्ची को लाभ होगा तो वे आपके संपर्क में रहेंगे।

यदि आप कार्यक्रम के बारे में अधिक जानना चाहते/चाहती हैं तो COVID गहन शिक्षण सहायता कार्यक्रम वेबपेज (COVID Intensive Learning Support Program webpage)। पर जाएँ। यदि आपको और अधिक जानकारी की आवश्यकता है, तो अपने बच्चे/अपनी बच्ची के शिक्षक/शिक्षिका के साथ इस कार्यक्रम पर बातचीत करें।

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

अगर आपको और अधिक जानकारी चाहिए तो कृपया अपने स्कूल के प्रिंसिपल को फोन करें। यदि आपको अपनी पूछताछ में सहायता के लिए किसी दुभाषिए की आवश्यकता है तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फोन करें और अपनी भाषा में दुभाषिए की माँग करें। ऑपरेटर को वह फ़ोन नंबर बताएं जिसपर आप फ़ोन चाहते/चाहती हैं, और बातचीत में आपकी सहायता करने के लिए ऑपरेटर को लाइन पर एक दुभाषिया मिलेगा। आपसे इस सेवा के लिए शुल्क नहीं लिया जाएगा।